भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **3026**

बुधवार, **21** मार्च, **2018/30** फाल्गुन, **1939** (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों का विकास

3026. श्री डी॰ कुपेन्द्र रेड्डीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की देश में प्रतिष्ठित पर्यटन स्थलों के रूप में लगभग **10** प्रमुख स्थलों का विकास करने की योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कर्णाटक में पर्यटन हेतु महत्वपूर्ण स्थानों/स्थलों की भी ऐसे एक प्रतिष्ठित पर्यटक स्थल के रूप में विकास किए जाने हेतु पहचान की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ड.) : जी, हां । पर्यटन मंत्रालय ने प्रतिष्ठित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत विकास के लिए निम्नलिखित 12 स्थलों की पहचान की है :

1. ताज महल एवं फतेहपुर सीकरी (उत्तर प्रदेश)
2. अजन्ता एवं एलोरा (महाराष्ट्र)
3. हुमायूं का मकबरा, कुतुबमीनार और लाल किला (दिल्ली)
4. कोलवा समुद्रतट (गोवा)
5. आमेर किला (राजस्थान)
6. सोमनाथ और धोलावीरा (गुजरात)
7. खजुराहो (मध्य प्रदेश)
8. हम्पी (कर्नाटक)
9. महाबलीपुरम (तमिलनाडु)
10.काजीरंगा (असम)
11.कुमारकोम (केरल)
12.महाबोधि मंदिर (बिहार)

उपरोक्त सूची में कर्नाटक का एक स्थल, हम्पी है ।

****